महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2023 / 518 दिनांकः 19.08.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः **संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिताओं में छात्रों को प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया संलग्न शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, डिग्री विकास अनुभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्रांक संख्या डिग्री विकास / 47685–87 / 2023–24 दिनांक 18.08.2023 एवं निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ के पत्र संख्या 298 / संसं / 2023 दिनांक 04.08.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर के छात्र / छात्राओं के मध्य संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन करने जा रहा है।

इसमें प्रतिभाग करने हेतु किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर आनलाइन पंजीकरण कर सकते है। आनलाइन / आफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25.08.2023 तक है।

अतः निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ के पत्र संख्या 298 / संसं / 2023 दिनांक 04.08.2023 का पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि दिशा–निर्देशों का भलि–भांति अवलोकन करते हुए अपने महाविद्यालय / संस्थान में अध्ययनरत इच्छुक छात्र / छात्राओं को अवगत / प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

19/8/23
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
2. मीडिया प्रभारी।
3. सहायक कुलसचिव, सम्बद्धता।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाइट।

19/8/23
कुलसचिव

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

सेवा में,

1- कुलसचिव, समस्त राज्य/ निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।
3- प्राचार्य/ प्राचार्या,
समस्त राजकीय/ अशासकीय/ स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
उत्तर प्रदेश ।

पत्रांकः डिग्री विकास / 47685-87 / 2023-24 दिनांक- 18/ 08 / 2023

विषयः-संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिताओं में छात्रों की प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ के पत्र संख्या-298/संसं/2023 दिनांक-04.08.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/ छात्राओं के मध्य संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन करने जा रहा है ।

इसमें प्रतिभाग करने हेतु किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर आनलाइन पंजीकरण कर सकते है । आनलाइन/ आफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि- 25.08.2023 तक है ।

अतः निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ के पत्र संख्या- 298/संसं/2023 दिनांक-04.08.2023 का पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि दिशा-निर्देश का भलि-भाँति अवलोकन करते हुए महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत इच्छुक छात्र/छात्राओं को भी को अवगत/ प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

डॉ0(जय सिंह)
सहायक निदेशक,(उ0शि0)
कृते-शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

पृष्ठांकन संख्याः डिग्री विकास/ 47688-89 / उसी तिथि को ।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, संस्कृत भवन, नया हैदराबाद, लखनऊ- 226007 ।
2- तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय उ0प्र0, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस पत्र को बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

18.8.23

डॉ0(जय सिंह)
सहायक निदेशक,(उ0शि0)
कृते-शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

O/C

कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक 293/संसं/2023
दिनाङ्क 04/08/23

(19)

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
नया हैदराबाद, लखनऊ।

SP-124
11-8-23

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
सरोजनी नायडु मार्ग, प्रयागराज -211001
उत्तर प्रदेश।

विषयः - संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिताओं में छात्रों को प्रतिभाग कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन गठित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के मध्य संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन करने जा रहा है।

इसमें प्रतिभाग करने हेतु किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

मंडल स्तर पर आयोज्यमान संस्कृत गीत (युवा वर्ग) तथा राज्य स्तर पर आयोज्यमान संस्कृत भाषण, संस्कृत श्रुतलेखन, संस्कृत अभिनय कुल 4 प्रतिभा खोज में प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए मंडल स्तरीय ऑनलाइन प्रतिभा खोज अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को राज्य स्तर की प्रतिभा खोज में प्रवेश दिया जाएगा है।

मण्डल स्तर पर आयोजित संस्कृत गीत (युवा वर्ग) में प्रथम पुरस्कार हेतु रु.3,000/- द्वितीय पुरस्कार हेतु रु. 2,000/-, तृतीय पुरस्कार हेतु रु. 1,000/- निर्धारित है। राज्य स्तर की प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु0 11,000/- द्वितीय पुरस्कार रु0 7,000/-, तृतीय पुरस्कार रु0 5,000/- तथा रु0 1,000/- का तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

मंडल में आयोजित प्रतिभा खोज के प्रत्येक प्रतिभागी को शिक्षक या अभिभावक के साथ विद्यालय / आवास से संस्कृत प्रतिभा खोज स्थल तक आने-जाने हेतु रूपये 400/- मात्र मार्गव्यय उनके बैंक खाते में

421
17/8/23

दिया जाएगा। राज्यस्तर पर आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज में अभिभावक अथवा शिक्षक के साथ आने वाले प्रतिभागी को टिकट प्रस्तुत करने पर साधारण बस अथवा ट्रेन शयनयान का मार्गव्यय दिया जाएगा।

**संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि**

⇨ ऑनलाइन/ ऑफलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि – 25 अगस्त 2023 तक

⇨ मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा - 20 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक

⇨ राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा - 28 - 29 अक्टूबर 2023

इस पत्र के साथ संस्कृत प्रतिभा खोज निर्देशिका नियमावली संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों तक संस्कृत प्रतिभा खोज की सूचना प्रसारित करने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

पत्रांक /सं0सं0/2023 दिनांक- अगस्त 2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, शिक्षा अनुभाग-9, लखनऊ।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. पत्रावली हेतु।

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

प्रेषक

छात्रों की प्रति

52

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)
नया हैदराबाद, लखनऊ–226 007
ईमेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com
वेबसाइट : upsanskritsansthanam.in

## संस्कृत प्रतिभा खोज निर्देशिका नियमावली

आदरणीय महोदय/महोदया,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन गठित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन करने जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के किसी भी विद्यालयों में कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक की कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र निःशुल्क प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए जनपद, मंडल तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। एतदर्थ इच्छुक छात्र http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें प्रतिभाग करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। विस्तृत विवरण इस प्रकार है–

### महत्वपूर्ण तिथि

**संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि**

- ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि – 25 अगस्त 2023 तक
- जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता – 28 अगस्त से 11 सितम्बर 2023 तक
- मंडल स्तरीय अर्हता प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा – 12 सितम्बर से 16 सितम्बर 2023 तक
- मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता – 20 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक
- राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा– 05 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक
- राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता – 28–29 अक्टूबर 2023

### आवेदन कैसे करें–

**स्कूल द्वारा पंजीकरण–**

1. विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रेशन करें। छात्रों का पंजीकरण करें।

- **छात्रों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण–**

1. मोबाइल नं. पर ओ.टी.पी. प्राप्त कर विवरण के साथ पंजीकरण करें।

- **संयोजक द्वारा छात्रों का पंजीकरण–**

1. लॉग इन करें। छात्रों का पंजीकरण करें।

**प्रतिभागियों की संख्याः**—संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज को छोड़कर अन्य किसी एक विधा में एक विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से अधिकतम 4 छात्र ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

— एक छात्र किसी 2 प्रतिभा खोज में ही पंजीकरण कर सकेगा।

**अध्ययन सामग्री :** वेबपोर्टल : http://upsanskritpratibhakhoj.com से डाउनलोड करें।

**संस्कृत प्रतिभा खोज में भाग लेने हेतु कक्षा आधारित प्रतियोगिताओं के नाम**

| क्रम सं. | प्रतिभागियों की अर्हता | संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का नाम |
|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र<br>(संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज में संस्कृत विद्यालय के छात्र प्रतिभाग नहीं करेंगे) | 1. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)<br>2. संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज<br>3. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज (मौखिकी)<br>4. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज<br>5. अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>6. अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>7. लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>8. तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज |
| 2 | स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्र | 9. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)<br>10. संस्कृत भाषण प्रतिभा खोज<br>11. श्रुतलेखन प्रतिभा खोज |
| 3 | कक्षा 6 से स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र | 12.संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज (लघु नाटक) |

☞ मण्डल में आरम्भ हो रही श्लोकान्त्याक्षरी तथा संस्कृत गीत (युवा वर्ग) प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु मण्डल स्तरीय ऑनलाइन अर्हता परीक्षा तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता क्रमसंख्या 5, 6, 7, 8, 10, 11 तथा 12 की अर्हता के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित की जायेगी।

1. **जनपद स्तरीय प्रतिभा खोजः—**

**जनपदस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः—** ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
☞ संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
☞ संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज

● **प्रतियोगिता केंद्र :** प्रत्येक जनपद के लिए निर्धारित विद्यालय।

**नोट—पंजीकृत प्रतिभागी को प्रतियोगिता केंद्र तथा प्रतियोगिता की तिथि की सूचना वेबसाइट/sms/वाट्सअप/ईमेल के द्वारा दी जाएगी।**

**मंडल की प्रतियोगिता के लिए अर्हताः—**

(क) जनपद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता।

(ख) मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा द्वारा चयनित प्रतिभागी।

**नोट—जनपद में आयोजित प्रतियोगिता स्थल तक आने में असमर्थ तथा संस्कृत गीत (युवा वर्ग) एवं श्लोकान्त्याक्षरी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक छात्र ऑनलाइन अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण कर मण्डल पर आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज में प्रतिभाग कर सकेगा।**

**मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा की तिथि : 12 सितम्बर से 16 सितम्बर 2023 तक**

2. **मंडल स्तरीय प्रतिभा खोजः–**

**मंडलस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**
- संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
- संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
- संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज
- श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज
- संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)

● **प्रतियोगिता केंद्रः** प्रत्येक मंडल के लिए निर्धारित विद्यालय

**नोट–पंजीकृत प्रतिभागी को प्रतियोगिता केंद्र तथा प्रतियोगिता की तिथि की सूचना वेबसाइट/ sms /वाट्सअप/ईमेल के द्वारा सूचना दी जाएगी।**

**मंडल की प्रतियोगिता के लिए अर्हताः**–जनपद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता तथा मंडल स्तरीय अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागी।

3. **राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**

उपर्युक्त के अनुसार सभी 12 प्रतियोगितायें आयोजित होगी।

● **प्रतियोगिता केंद्र :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा निर्धारित स्थल लखनऊ में।

**राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अर्हताः**– मंडल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता तथा श्लोकान्त्याक्षरी, अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ, अमरकोश कंठस्थपाठ, लघु सिद्धान्त कौमुदी कंठस्थपाठ, तर्क संग्रह कंठस्थ पाठ, संस्कृत भाषण, श्रुतलेखन तथा संस्कृत अभिनय हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागी।

**राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा की तिथि : 05 सितम्बर से 12 अक्टूबर 2023 तक। अधिक अपडेट के लिए हमेशा हमारी वेबपोर्टल को देखते रहें।**

**प्रतियोगिता पैटर्न** : प्रत्येक प्रतिभा खोज के लिए **वेबपोर्टल** पर विस्तृत विवरण उपलब्ध है।

**ऑनलाइन अर्हता परीक्षा पैटर्न** : सभी अर्हता परीक्षा जूम/मीट पर आयोजित होगी। अर्हता परीक्षा का दिनांक, समय तथा लिंक की सूचना वाट्सअप/sms/ ईमेल/वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।

**परिणाम घोषणाः**–प्रतियोगिता स्थल पर प्रतियोगिता के अन्त में। परिणाम वेबसाइट www.upsanskritpratibhakhoj.com पर भी पोस्ट किए जाएंगे।

**पुरस्कार वितरण** : चयनित प्रतिभागी अथवा उनके माता–पिता के बैंक खाते में अन्तरित की जाएगी।

## पुरस्कारों का विवरण :

● **जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण**

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|
| 1000 | 800 | 700 |

- **मण्डल स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण**

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
| --- | --- | --- |
| 3000 | 2000 | 1000 |

- **राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि**

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सान्त्वना (कुल 3) |
| --- | --- | --- | --- |
| 11,000 | 7,000 | 5,000 | 3,000 |

इसके साथ प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र/योग्यता प्रमाण पत्र, संस्कृत पुस्तक, मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मार्गव्यय राज्यस्तर पर स्मृतिचिह्न दिया जाएगा।

- **प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य नियमः–**

1. संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय/अशासकीय/प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टर कॉलेज, पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, विद्यामन्दिर, गुरुकुल, संगीत विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के सभी विषयों के छात्र/छात्रायें प्रतिभाग करेंगे।
2. प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक छात्र आवेदन पत्र में अपना नाम, कक्षा का नाम, विद्यालय का नाम, जनपद नाम, दूरभाष, फोटो आदि विवरण पूरित करने के बाद उसे संस्था प्रमुख से प्रमाणित करा लें। इस आवेदन पत्र को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के 2 दिन पूर्व जनपद स्तर पर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित कराने वाली आयोजक संस्था/संयोजक के पास जमा करेंगे। प्रत्येक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लिये अलग–अलग आवेदन पत्र पूरित करना होगा। विशेष परिस्थितियों में आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में हाथ से भी लिखकर पूरित कर सकते हैं। विद्यालय अपने छात्रों के आवेदन को संकलित कर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के 2 दिन पूर्व आयोजक संस्था/जनपद संयोजक के पास जमा करेंगे।
3. प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन का भी विकल्प उपलब्ध होगा।
4. जनपदस्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रायें ही मण्डलस्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।
5. जनपद स्तरीय, मण्डलस्तरीय एवं राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार की राशि उनके अथवा उनके माता पिता के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का प्रमाण–पत्र संयोजक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।
6. जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी संस्थाऐं, छात्र/छात्राओं के यात्रा व्यय, आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था अपने स्तर से करेंगे।
7. जनपद स्तरीय, मण्डल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय सभी प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं की सुरक्षा, अनुशासन, आवागमन व उनकी वस्तुओं की सुरक्षा का दायित्व सम्बद्ध संस्थाओं का होगा।
8. मंडल स्तरीय तथा राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ आने वाले एक अध्यापक/अभिभावक को संस्थान के नियमानुसार यात्रा व्यय प्रदान किया जाएगा।

9. राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ आने वाले एक अध्यापक/अभिभावक के भोजन व आवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य धनराशि देय नहीं होगी।

10. मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही राज्यस्तर पर प्रतिभाग करेंगे, जबकि ऑनलाइन माध्यम से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागी मण्डल तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकेंगें।

11. एक प्रतिभागी अधिकतम 02 प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में ही प्रतिभाग कर सकता है। संस्कृत नाटक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता को छोड़कर अन्य एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में एक विद्यालय/महाविद्यालय के अधिकतम 4 छात्र/छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।

12. जो प्रतिभागी राज्य स्तर के जिस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका हो, वह पुनः उस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अनर्ह होगा।

13. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता (बाल वर्ग) में प्रतिभागी द्वारा वाद्य यंत्रों का प्रयोग वर्जित है। युवा वर्ग का प्रतिभागी वाद्य यंत्रों के साथ संस्कृत गीत का गायन कर सकेगें।

14. सभी प्रतिभा खोज प्रतियोगितायें पूर्णरूप से संस्कृत भाषा में ही होंगी। प्रतिभागी लिखित सामग्री देखकर प्रतियोगिता नहीं देंगे।

15. प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का विषय भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने वाला होना चाहिये तथा प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में किसी भी प्रकार का राष्ट्रविरोध, व्यक्तिविशेष विरोध या राजनैतिक आक्षेप प्रदर्शित करना सर्वथा निषिद्ध है।

16. नाटक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में एक या एक से अधिक विद्यालय का दल प्रतिभाग करेगा। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज में एक विद्यालय से दो छात्र का एक समूह मिलकर मौखिक प्रश्न का उत्तर दे सकता है। अन्य प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में सामूहिक प्रस्तुति की अनुमति नहीं दी जाएगी।

17. जनपद स्तर की प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का निर्णय 2 निर्णायकों तथा मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं 03 निर्णायकों के द्वारा प्रदत्त अंकों के योग के आधार पर किया जायेगा। निर्णायकों का निर्णय सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा। यही नियम ऑनलाइन अर्हता परीक्षा पर भी लागू होगा।

18. जनपद संयोजक, मण्डल संयोजक एवं निर्णायक अपने स्तर पर किसी भी प्रकार के नियमों का निर्धारण नहीं करेंगे।

19. सभी प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं जनपद संयोजक, मण्डल संयोजक, संचालन समिति तथा सम्बद्ध अधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न होंगी तथा उनके निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी अनुशासनहीनता की स्थिति में प्रतिभागी को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लिए अनर्ह माना जाएगा।

20. विशेष परिस्थितियों में नियम परिवर्तन का अधिकार अध्यक्ष/निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।

## • संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आधारित नियम

## 1. एकल संस्कृत गीत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता (बाल एवं युवा वर्ग)

(क) संस्कृत एकल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में (संगीत) स्वर एवं ताल (40 अंक), उच्चारण (20 अंक), गीत की विषय वस्तु (20 अंक), प्रस्तुति (20 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) एकल गीत की अवधि अधिकतम 05 मिनट की होगी।

(ग) गीत को कंठस्थ कर गायन करना होगा।

(घ) गीतों का चयन प्रतिभागी स्वयं कर सकते हैं। प्रतिभागी द्वारा विद्यालय नाम सहित चयनित गीत की 03 टंकित प्रति प्रस्तुति से पूर्व उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(ङ) संस्कृत गीत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में स्तोत्र गायन स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंडल स्तर की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागी जनपद स्तर पर ऑनलाइन अर्हता परीक्षा दे सके हैं।

## 2. संस्कृत गद्य वाचन प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) संस्कृत गद्य वाचन प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में वाचन शैली (40), शुद्धोच्चारण (30), भावानुकूलता (15), प्रभावोत्पादकता (15) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतियोगिता की अवधि 05 मिनट की होगी।

- **निर्णय प्रक्रिया–**

(क) प्रतिभागी को गद्य में लिखित संस्कृत की कोई भी ऐसी पुस्तक/पत्रिका अथवा मुद्रित पृष्ठ वाचन हेतु दिया जाएगा, जिसमें 5 मिनट तक की वाचन सामग्री होगी।

(ख) प्रतिभागी द्वारा वाचन शैली (शब्दों की गति, यति, भावों के अनुकूल ध्वनियों के उचित आरोह–अवरोह, विराम, प्रवाह, बलाघात) शब्दों के शुद्धोच्चारण, भावानुकूलता (अर्थ की प्रतीति, रसात्मकता, आत्मविश्वास), प्रभावोत्पादकता (वाचन मुद्रा) के आधार पर निर्णायक अंक प्रदान करेंगें।

## 3. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

**टीम संरचना :** जनपद स्तर पर प्रत्येक टीम में दो (2) छात्र होना चाहिए। प्रत्येक टीम को कतारबद्ध / गोलाकार बैठेगें।

**प्रतियोगिता राउंड :** इसे 10 राउंड से 20 राउंड तक संचालित किया जा सकता है।

सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता जनपद पर 1 स्तर मंडल स्तर पर द्वितीय स्तर तथा राज्य स्तर पर तृतीय स्तर की प्रतियोगिता होगी।

**प्रश्न :** प्रत्येक टीम से संस्कृत (भाषा, विषय तथा सामान्य ज्ञान) से सम्बन्धित एक–एक प्रश्न पूछा जाएगा। टीम को 30 सेकेंड के भीतर उत्तर देना होगा अथवा आगे टीम की टीम से पूछने को कह सकता है।

**अंक :** सभी प्रश्न 2 अंकों का होगा। सही उत्तर देने वाले टीम के आगे अंक अंकित किया जाएगा।

**निष्कासन :** किसी तीन राउंड में लगातार गलत उत्तर देने अथवा उत्तर नहीं देने वाले टीम को प्रतियोगिता से बाहर किया जाएगा।

(ख) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अवधि का निर्धारण निर्णायक अपने विवेक से कर सकेंगे।

(ग) पुरस्कार की धनराशि विजेता टीम को संयुक्त रूप से दी जाएगी।

- **निर्णय प्रक्रिया–**

(क) निर्णायकों के पास लिखित संस्कृत सामान्य ज्ञान का प्रश्नोत्तर होगा। इसमें संस्कृत भाषा, विषय तथा

सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न होंगें। निर्णायक इसी से प्रश्न करेंगे। तीन दल को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान घोषित करने का पर्याप्त आधार मौजूद हो जाने के उपरान्त प्रतियोगिता समापन की घोषणा की जा सकती है।

## 4. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

- मंडल स्तर तथा राज्य स्तर की श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता होगी। मंडल तथा राज्य स्तर की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता अनुष्टुप्छन्द के श्लोकों को छोड़कर अन्य छन्दों के श्लोकों पर आयोजित की जाएगी। विशेष परिस्थिति में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के शीघ्र निर्णय हेतु निर्णायक अनुष्टुप्छन्द के आधार पर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का संचालन कर सकेंगे। यह प्रतियोगिता पाठ्यपुस्तकों के श्लोकों के आधार पर होगी। इसके निर्णय हेतु साहित्य, व्याकरण तथा ज्योतिष विषयों के विशेषज्ञों को निर्णायक के रूप में रखा जाएगा। श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु नियमों में बदलाव किया जा सकता है। इन्हीं नियमों का पालन सभी स्तर पर किया जायेगा।

(क) श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में समस्त प्रतिभागी छात्र गोलाकार में बैठेंगे। प्रथम श्लोक का उच्चारण किसी एक निर्णायक द्वारा किया जायेगा। यदि किसी श्लोक का अन्तिम व्यंजन वर्ण म् होता है तो प्रतिभागी उसके पूर्ववर्ती व्यंजन वर्ण से श्लोक बोलेंगे। शेष अन्तिम व्यंजन के आधार पर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संचालित होगी। गोलाकार में बैठे एक प्रतिभागी के बाद दूसरे प्रतिभागी, दूसरे प्रतिभागी के बाद तीसरे प्रतिभागी के क्रम से यह प्रतिभा खोज प्रतियोगिता अनवरत चलेगी।

(ख) यदि किसी श्लोक के अन्त में ङ, ञ, ण, ट, ठ, ड, ढ, थ वर्ण आते हैं तो उसके पूर्ववर्ती हलन्त वर्ण से आगामी प्रतिभागी श्लोकोच्चारण करेगा।

(ग) विशेष परिस्थिति में निर्णायक श्लोक के अन्तिम स्वर वर्ण से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का संचालन कराने का निर्णय ले सकता हैं।

(ङ) एक प्रतिभागी के श्लोकोच्चारण करने तथा श्लोक के अन्तिम अक्षर से आगामी प्रतिभागी के श्लोकोच्चारण आरम्भ किये जाने के मध्य अधिकतम एक मिनट का समय दिया जायेगा। एक मिनट के अन्दर किसी प्रतिभागी द्वारा श्लोकाच्चारण आरम्भ नहीं करने की स्थिति में उसका एक अवसर समाप्त माना जायेगा। निर्णायक समय सीमा को और भी कम कर सकेंगे।

(च) श्लोकान्त्याक्षरी में आवश्यक होने पर प्रतिभागी को श्लोक का स्रोत बताना होगा। अन्यथा उसके द्वारा उच्चारित श्लोक को निर्णायक अमान्य घोषित करेंगे।

(छ) श्लोकों के अशुद्ध उच्चारण करने की स्थिति में निर्णायक वैकल्पिक श्लोक बोलने हेतु अवसर दे सकेंगे। किसी प्रतिभागी द्वारा निरन्तर अशुद्ध उच्चारण करने पर उसके अवसरों में कटौती की जा सकेगी।

(ज) प्रत्येक प्रतिभागी को तीन अवसर प्रदान किये जायेंगे। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अन्तिम चरण में निर्णायकों द्वारा पृथक्–पृथक् छन्दों, श्लोक के अन्तिम स्वर सहित व्यंजन वर्ण के आधार पर, श्लोक के किसी पाद के अन्तिम अक्षर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के संचालन का निर्देश दे सकते हैं। अतः प्रतिभागी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए पूर्णतः तैयार होकर आयें।

(झ) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अन्त में अवशिष्ट 03 प्रतिभागियों में से किसी 01 के बाहर होने पर उसे तृतीय स्थान तथा 02 में से एक के बाहर होने पर उसे द्वितीय स्थान अन्त में अवशिष्ट प्रतिभागी को प्रथम स्थान दिया जायेगा।

श्लोक के अन्त में संयुक्त वर्ण आने पर संयुक्ताक्षर के अन्तिम अक्षर से आगामी प्रतिभागी श्लोक बोलेंगे। यथा – विद्या में य अक्षर से।

(ञ) श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में एक श्लोक को एक ही बार उच्चारण किया जायेगा।

## 5. संस्कृत भाषण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) संस्कृत भाषण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में विषयवस्तु (50 अंक), भाषा शुद्धता (30 अंक) एवं प्रस्तुति (20 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) संस्कृत भाषण की अवधि 03 मिनट होगी।

(ग) संस्कृत भाषण का विषय प्रतिवर्ष निर्धारित होगा।

**विषय** –मम कल्पनायाः संस्कृतविश्वम्

## 6. श्रुतलेखन प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का पूर्णांक 100 होगा। इसमें प्रतिभागी को गद्यांश या श्लोक सुनकर लिखना होगा। निर्णायक श्रुतलेख के वाक्य या वाक्यांश का दो बार उच्चारण करेंगे।

(ख) प्रतिभागियों के श्रुतलेख में प्रति वर्ण त्रुटि के लिए एक–एक अंक काटा जाएगा।

(ग) प्रतिभागी द्वारा अपूर्ण श्रुतलेख लिखने पर 100 अंकों से प्रतिवर्ण त्रुटि के वर्ण काट लेने पश्चात् अवशिष्ट अंक से 20 अंक काटकर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का निर्णय किया जाएगा।

शास्त्रीय स्पर्द्धा (दो निर्णायकों द्वारा निर्णय किया जाएगा।)

## 7. अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) अष्टाध्यायी कंठस्थ पाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कंठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक), सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अवधि निर्णायक के निर्देशानुसार तय की जाएगी।

- **निर्णय प्रक्रिया**–

**प्रथम क्रम**–क्रमशः सभी निर्णायकों द्वारा किसी सूत्र को उच्चारित कर प्रतिभागी से आगे सुनाने को कहा जायेगा।

**द्वितीय क्रम**–प्रतिभागी पुस्तक में शलाका प्रवेश करेगा, उस स्थल के आगे–पीछे से निर्णायकों द्वारा संकेत करने पर सुनाना होगा।

**तृतीय क्रम**–निर्णायकों द्वारा सम्बन्धित ग्रन्थ से सामान्य ज्ञान परक कुल 5 प्रश्न पूछे जायेंगे।

## 8. अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) अमरकोश कंठस्थ पाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कंठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक), सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अवधि निर्णायक के निर्देशानुसार तय की जाएगी।

**निर्णय प्रक्रिया–**

**प्रथम क्रम**–क्रमशः सभी निर्णायकों द्वारा किसी श्लोक को उच्चारित कर प्रतिभागी से आगे सुनाने को कहा जायेगा।

**द्वितीय क्रम**–प्रतिभागी पुस्तक में शलाका प्रवेश करेगा, उस स्थल के आगे–पीछे से निर्णायकों द्वारा संकेत करने पर सुनाना होगा।

**तृतीय क्रम**–निर्णायकों द्वारा सम्बन्धित ग्रन्थ से सामान्यज्ञान परक कुल 5 प्रश्न पूछे जायेंगे।

इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हेतु अमरकोष का प्रथम काण्ड निर्धारित है। एक से अधिक प्रतिभागी द्वारा अमरकोष का प्रथम काण्ड सुना देने की स्थिति में उनके मध्य द्वितीय तथा तृतीय काण्ड की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कराकर प्रथम, द्वितीय आदि पुरस्कार का निर्णय किया जाएगा।

## 9. लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थ पाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कंठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (30 अंक), सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अवधि निर्णायक के निर्देशानुसार तय की जाएगी।

• **निर्णय प्रक्रिया–**

**प्रथम क्रम**–क्रमशः सभी निर्णायकों द्वारा किसी सूत्र, वृत्ति या उदाहरण को उच्चारित कर प्रतिभागी से आगे सुनाने को कहा जायेगा।

**द्वितीय क्रम**–प्रतिभागी पुस्तक में शलाका प्रवेश करेगा, उस स्थल के आगे–पीछे से निर्णायकों द्वारा संकेत करने पर सुनाना होगा।

**तृतीय क्रम**–निर्णायकों द्वारा सम्बन्धित ग्रन्थ से सामान्यज्ञान परक कुल 5 प्रश्न पूछे जायेंगे।

कक्षा 6 से 8 (प्रथमा) के छात्र/छात्राओं को अजन्तनपुंसकलिंग प्रकरण तक, कक्षा 9 तथा 10 (पूर्वमध्यमा) के छात्र/छात्राओं को तिङन्तप्रकरण तक तथा कक्षा 11 तथा 12 (उत्तरमध्यमा) के छात्र/छात्राओं को सम्पूर्ण ग्रन्थ कंठस्थ होना चाहिए।

## 10. तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) तर्कसंग्रह कंठस्थ पाठ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कंठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक), सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अवधि निर्णायक के निर्देशानुसार तय की जाएगी।

• **निर्णय प्रक्रिया–**

**प्रथम क्रम** – क्रमशः सभी निर्णायकों द्वारा पुस्तक के किसी अंश को उच्चारित कर प्रतिभागी से आगे सुनाने को कहा जायेगा।

**द्वितीय क्रम** – प्रतिभागी पुस्तक में शलाका प्रवेश करेगा, उस स्थल के आगे–पीछे से निर्णायकों द्वारा संकेत करने पर सुनाना होगा।

**तृतीय क्रम**– निर्णायकों द्वारा सम्बन्धित ग्रन्थ से सामान्यज्ञान परक कुल 5 प्रश्न पूछे जायेंगे।

एक से अधिक प्रतिभागी द्वारा सम्पूर्ण तर्कसंग्रह सुना देने की स्थिति में उनके मध्य पदकृत्य सहित तर्कसंग्रह प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कराकर प्रथम, द्वितीय आदि पुरस्कार का निर्णय किया जाएगा।

## 11. संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

(क) संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का मूल्यांकन अभिनय, भावप्रवणता (25 अंक) उच्चारण एवं सम्भाषण, (25 अंक), वेषभूषा, मंच सज्जा (25 अंक), कथ्य–कथानक (25 अंक) के आधार पर होगा। इसमें 6 श्रेणी के पुरस्कार होंगें।

(ख) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत 100 अंक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अंक प्राप्त करने वाले नाटक दल को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

(ग) अन्य श्रेणी का मूल्यांकन के लिए पूर्णांक 25 निर्धारण होगा।

(घ) यह सामूहिक तथा व्यक्तिगत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता होगी।

(ङ) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की अधिकतम अवधि 30 मिनट की होगी।

| प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | चतुर्थ, पंचम तथा षष्ठम श्रेणी |
|---|---|---|---|
| सबसे उत्कृष्ट नाटक को | द्वितीय स्थान प्राप्त नाटक को | तृतीय स्थान प्राप्त नाटक को | वेषभूषा (सर्वोत्कृष्ट एक नाटक को) अभिनय, भाव प्रवणता (सर्वोत्कृष्ट एक अभिनेता को) उच्चारण एवं सम्भाषण (सर्वोत्कृष्ट एक अभिनेता को) |
| 11,000 | 7,000 | 5,000 | 3,000 |

नाटक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लिए एक आवेदन पत्र पर सभी प्रतिभागियों का नाम लिखा जाये।

**निर्णय प्रक्रिया–**

(क) प्रतिभागी दल स्वेच्छा से संस्कृत भाषा में कोई काल्पनिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, ऐतिहासिक, चरित्र प्रधान नाटक की प्रस्तुति दे सकता है।

(ख) नाट्य दल को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के पूर्व नाटक के आलेख की एक मुद्रित प्रति निर्णायक को उपलब्ध करना होगा।

(ग) प्रत्येक अक्षर के उच्चारण की शुद्धता, सम्वाद के भाव, विचार, मन्तव्य और पात्र की मनोदशा के अनुरूप विशिष्ट शब्दों पर बल देना तथा उसी के अनुरूप ध्वन्यात्मक आरोह–अवरोह, अभिनेता का आत्मविश्वास, बोले जा रहे सम्वाद और क्रिया में उसकी तल्लीनता, दृश्यानुकूल मंच सज्जा, पात्रानुकूल वेशभूषा, नाटक का कथ्य, कहानी/आलेख, मंच पर पात्रों के अभिनय का संयोजन यथा–मंच पर पात्रों का प्रवेश, प्रस्थान, मंच पर उनकी गति–स्थिति का निर्धारण के आधार पर निर्णायक अंक प्रदान करेंगे।

**हमसे संपर्क करें–**

वेबपोर्टल : http://upsanskritpratibhakhoj.com

दूरभाष–वेबपोर्टल पर अपने जिले के संयोजक/संचालन समिति के सदस्यों का दूरभाष संख्या देखें।

**निदेशक**

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान

# संस्कृत गीत प्रतिदर्श

## जयतु जननी जन्म–भूमी

जयतु जननी जन्म–भूमी
भव्य–भुवनं भारतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं
सुन्दरं धामामृतम्,
भव्य–भुवनं भारतम् (ध्रुवम्)

धरित्रीयं श्यामला,
कामधेनुः कोमला।
रत्न–गर्भा शाश्वती,
कल्प–वल्ली भास्वती।

विन्ध्य–भूषा सिन्धु–रशना हिमगिरि–शिखा शर्मदा,
रम्य–गङ्गा–सङ्ग–यमुना महानदीह नर्मदा।
कर्म–तपसां सार्थ–तीर्थं प्रकृति–विभवालङ्कृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम्।। (1)

बिभर्त्ति भूति–सम्पदम्,
राष्ट्रमिदं हि शं–पदम्।
वैरि–लोचन–बाष्पदम्,
सत्कटलाया आस्पदम्।
सांस्कृतिक्या एकतायाः पुञ्जिता सञ्जीवनी,
मङ्गलमयी रङ्ग–ललिता निखिल–सुखदा लेखनी।
प्रेम–जगतां जैत्र–गीतं विबुध–हृदये झङ्कृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम्।। (2)

साभ्युदयता–द्योतिनी,
सदाचार–विवर्द्धिनी।
लभ्यते सा सभ्यता,
भाति दिव्या नव्यता।
चतुर्वर्गद–शास्त्र–मार्गा यत्र विद्या विद्यते,
विश्व–मध्ये यदध्यात्मं तत्त्व–सारं कीर्त्यते।

भारतीये मूल–मन्त्रे जयति सत्यं नानृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम्।। (3)

भूमिरियं सुचर्चिता,
धीर–वीरैरर्चिता।
प्राच्य–परिचय–गौरवा,
शुभा प्रतिमा–वैभवा।
यत्र भाषा–वेष–भूषा–रीति–चलनै–र्विविधता,
तथाप्येका दीप्यमाना राजते जातीयता।
एक–मातुः सुताः सर्वे भ्रातृ–साम्यं सत्कृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम्।। (4)

स्वार्जितैरूर्जस्वलम्,
ज्ञान–दीपैरुज्ज्वलम्।
शान्त्यहिंसा–सद्बलम्,
त्याग–सेवा–पुष्कलम्।

यत् त्रिरङ्गं ध्वजं विदधद् वर्षमार्षं पूज्यते,
लोकतन्त्रं सार्वभौमं स्वीय–भूम्ना मान्यते।
ऐक्य–मैत्री–भाव–सूत्रं परम्परया सम्भृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम् ।। (5)

यद् "वसुधा कुटुम्बकम्",
निगदितं दिग्दर्शकम्।
अम्बर–चुम्बि–चुम्बकम्,
सकल–मानस–कर्षकम्।

मानविकता–मानयित्री यत्र वागविनश्वरा,
स्वर्ण–वर्णा प्रीति–पूर्णा महामहिमा सुस्वरा।
विश्व–बन्धो–र्मधुर–गन्धं यशो यस्मिन् विस्तृतम्,
विजयतां नो वन्दनीयं सुन्दरं धामामृतम्।
भव्य–भुवनं भारतम्।
भारतम्, भारतम्, भारतम् ।। (6)

**डॉ. हरेकृष्ण–मेहेरः**

(इयं गीतिका प्रायः रूपक–ताल–मध्य–लयेन परिवेषणीया)

# संस्कृत गीत प्रतिदर्श

### चल चल पुरतो निधेहि चरणम्

चल चल पुरतो निधेहि चरणम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्
गिरिशिखरे ननु निजनिकेतनम्
समारोहणं विनैव यानम्
आत्मबलं केवलं साधनम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्

पथि पाषाणाः विषमाः प्रखराः
धैर्यञ्चोऽपि च परितो घोराः
सुदुष्करं खलु यद्यपि गमनम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्

प्रयत्न साध्या लोके नीतिः
समाजदानिनी कुशला भूतिः
तस्मात् साधय सत्वरक्षणम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्

जहीहि भीतिं हृदि भज शक्तिम्
देहि देहि रे भगवती भक्तिम्
कुरु कुरु सततं ध्येयस्मरणम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्

चल चल पुरतो निधेहि चरणम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्
सदैव पुरतो निधेहि चरणम्

*लेखक : श्रीधर भास्कर वर्णेकर*

### पुत्री मम खलु निद्राति

पुत्री मम खलु निद्राति
पुत्री मम खलु निद्राति।
सुन्दरशयने सुखमयवसने
पुत्री मम खलु निद्राति।।

रे रे वायस कर्कशकण्ठ!
मा रट मा रट कर्णकठोरम्।
श्रान्ता, क्लान्ता, पुनरनुनीता
पुत्री मम खलु निद्राति।।

म्याउँ म्याउँ मा कुरु घोरविरावं
चल चल रे खल चोर बिडाल।
स्निग्धा, मुग्धा, सेवितदुग्धा
पुत्री मम खलु निद्राति।।

उच्चौमा भष शुनकवराक
भौ भौ मा कुरु कार्यविहीन।
विमला, कुशला, सुमनो मृदुला
पुत्री मम खलु निद्राति।।

रे रे मशक! मा कुरु गानम्
मा स्पृश, मा दश, रक्तपिपासो।
सुदती, सुमुखी, शोभनगात्री
पुत्री मम खलु निद्राति।।

### वन्दे सदा स्वदेशम्!!

गङ्गा पुनाति भालं रेवा कटिप्रदेशम्
वन्दे सदा स्वदेशम्
एतादृशं स्वदेशम्!!
काशीप्रयागमथुरावृन्दाटवीविशालाः
द्वारावतीसुकाञ्चीविदिशादितीर्थमालाः
सम्भूषयन्ति कामं यस्य प्रशान्तवेषम्
वन्दे सदा स्वदेशम्
एतादृशं स्वदेशम्!!
सलिलं सुधामधुरितं पवनोऽपि गन्धवाही
चरितं विकल्पकलितं धर्मो दयावगाही
यत्प्राङ्गणं शबलितं कौतुहलैरशेषम्
वन्दे सदा स्वदेशम्
एतादृशं स्वदेशम् !!

*लेखक : अभिराज राजेन्द्र मिश्र*

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

**(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रतियोगिता का नाम (अधिकतम दो प्रतिभा खोज का नाम लिखें) : ..............................

..............................

आवेदक छात्र/छात्रा का नाम : ..............................

पिता का नाम : ..............................

माता का नाम : ..............................

जन्म तिथि : ..............................

कक्षा का नाम : ..............................

बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम : ..............................

विद्यालय/महाविद्यालय का नाम : ..............................

विद्यालय/महाविद्यालय का पता : ..............................

मण्डल का नाम : ..............................

जनपद का नाम : ..............................

दूरभाष : ..............................ई–मेल : ..............................

आपको संस्कृत प्रतिभा खोज की जानकारी किस माध्यम से मिली? किसी एक पर ☑ करें।

फेसबुक ☐ वाट्सअप ☐ विद्यालय ☐ मित्र ☐ जनपद संयोजक ☐ अन्य ☐

**किसी एक विकल्प का चयन करें**:–1. जनपद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करूँगा। ☐

2. मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु ऑनलाइन अर्हता परीक्षा दूंगा। ☐

---

## घोषणा पत्र

एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने संस्कृत प्रतिभा खोज नियमावली निर्देशिका को पढ़ लिया है। ये मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा पूरित उपर्युक्त विवरण सत्य है। पूरित विवरण अथवा उसका कोई अंश असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**संस्कृत प्रतिभा खोज में भाग लेने हेतु कक्षा आधारित प्रतियोगिताओं के नाम**

| वर्ग | प्रतिभागियों की अर्हता | संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का नाम |
|---|---|---|
| क. | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र (संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज में संस्कृत विद्यालय के छात्र प्रतिभाग नहीं करेंगे) | 1. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)<br>2. संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज<br>3. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज (मौखिक)<br>4. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज<br>5. अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>6. अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>7. लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>8. तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज |
| ख. | स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्र | 9. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)<br>10. संस्कृत भाषण प्रतिभा खोज<br>11. श्रुतलेखन प्रतिभा खोज |
| ग. | कक्षा 6 से स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र | 12.संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज (लघु नाटक) |

☞ मण्डल की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु मण्डल स्तरीय ऑनलाइन अर्हता परीक्षा तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता क्रमसंख्या 5, 6, 7, 8, 10, 11 तथा 12 की अर्हता के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित की जायेगी।

**जनपदस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
- ☞ संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज

**मंडलस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
- ☞ संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज
- ☞ श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

**(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रतियोगिता का नाम (अधिकतम दो प्रतिभा खोज का नाम लिखें) : ........................................

........................................................................................................................

आवेदक छात्र/छात्रा का नाम : ........................................................................

पिता का नाम : ........................................................................................

माता का नाम : ........................................................................................

जन्म तिथि : ............................................................................................

कक्षा का नाम : ..............................................................................................................

बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम : ..............................................................................................

विद्यालय/महाविद्यालय का नाम : ..........................................................................................

विद्यालय/महाविद्यालय का पता : ..........................................................................................

मण्डल का नाम : ..............................................................................................................

जनपद का नाम : ..............................................................................................................

दूरभाष : ....................................................................................ई–मेल : ................................................

आपको संस्कृत प्रतिभा खोज की जानकारी किस माध्यम से मिली? किसी एक पर ✓ करें।

फेसबुक ☐ वाट्सअप ☐ विद्यालय ☐ मित्र ☐ जनपद संयोजक ☐ अन्य ☐

**किसी एक विकल्प का चयन करें**:–1. जनपद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करूँगा। ☐

2. जनपद की प्रतियोगिता में भाग न लेकर मण्डल के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा दूंगा। ☐

---

## घोषणा पत्र

एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने संस्कृत प्रतिभा खोज नियमावली निर्देशिका को पढ़ लिया है। ये मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा पूरित उपर्युक्त विवरण सत्य है। पूरित विवरण अथवा उसका कोई अंश असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## संस्कृत प्रतिभा खोज में भाग लेने हेतु कक्षा आधारित प्रतियोगिताओं के नाम

| वर्ग | प्रतिभागियों की अर्हता | संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का नाम |
|---|---|---|
| क. | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र (संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज में संस्कृत विद्यालय के छात्र प्रतिभाग नहीं करेंगे) | 1. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)<br>2. संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज<br>3. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज (मौखिक)<br>4. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज<br>5. अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>6. अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>7. लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज<br>8. तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतिभा खोज |
| ख. | स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्र | 9. संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)<br>10. संस्कृत भाषण प्रतिभा खोज<br>11. श्रुतलेखन प्रतिभा खोज |
| ग. | कक्षा 6 से स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र | 12.संस्कृत अभिनय प्रतिभा खोज (लघु नाटक) |

☞ मण्डल की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु मण्डल स्तरीय ऑनलाइन अर्हता परीक्षा तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता क्रमसंख्या 5, 6, 7, 8, 10, 11 तथा 12 की अर्हता के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित की जायेगी।

**जनपदस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
- ☞ संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज

**मंडलस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोजः–**
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग)
- ☞ संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज
- ☞ श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज
- ☞ संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग)